STD-V

व्याकरण

Ch-4 संज्ञा

Wednesday
Date 30/6/21

1-

(क) संज्ञा किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद होते हैं ?

A- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं, उसके तीन भेद होते हैं।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

A- किसी विशेष प्राणी स्थान या वस्तु के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

(ग) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

A- जो संज्ञा शब्द संपूर्ण जाति, वर्ग या समुदाय का बोध करवाते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

(घ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

A- किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, व्यापार, भाव आदि का परिचय देने वाले शब्द को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**पाठ में हमने क्या-क्या सीखा, जानें!**

- किसी वस्तु, स्थान, प्राणी या भाव के नाम का बोध कराने वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं।
- संज्ञा के तीन भेद होते हैं—

  व्यक्तिवाचक संज्ञा　　जातिवाचक संज्ञा　　भाववाचक संज्ञा
- किसी विशेष प्राणी, स्थान या वस्तु के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।
- जो संज्ञा शब्द संपूर्ण जाति, वर्ग या समुदाय का बोध करवाते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।
- किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, व्यापार, भाव आदि का परिचय देने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं। मिठास, बुराई

# स्वमूल्यांकन

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें—

   (क) संज्ञा किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?

   (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।

   (ग) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।

   (घ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।

2. कोष्ठकों में दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञाओं में बदलकर रिक्त स्थानों में भरें—

   (क) मोहन ने अपना कार्य ईमानदारी से किया। (ईमानदार)

   (ख) बुढ़ापा बीमारी का घर है। (बूढ़ा)

   (ग) युद्ध में सैनिक बहुत वीरता से लड़े। (वीर)

   (घ) सोहन पढ़ाई में होशियार है। (पढ़ना)

   (ङ) हिमालय की ऊँचाई संसार में सबसे अधिक है। (ऊँचा)

   (च) ताजमहल की सुंदरता सबको अपनी ओर आकर्षित करती है। (सुंदर)

3. दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाएँ—

   (क) ईमान — ईमानदारी　　(ख) बुरा — बुराई

   (ग) राष्ट्र — राष्ट्रीयता　　(घ) हरा — हरियाली

   (ङ) सर्व — सर्वस्व　　(च) विनम्र — विनम्रता

(छ) अमीर अमीरी (ज) खेलना खेल
(झ) कंजूस कंजूसी (ञ) हँसना हँसी

H/W 4. रंगीन शब्दों के संज्ञा के भेद का नाम लिखें–

(क) सभा समाप्त होने वाली है। जातिवाचक
(ख) बचपन बीता और जवानी आ गई। भाववाचक
(ग) तुम्हारी घड़ी यहाँ पर है। जातिवाचक
(घ) माधव गीत गाता है। व्यक्तिवाचक
(ङ) लोग कामधेनु की पूजा करते हैं। व्यक्तिवाचक
(च) प्रकृति का सौंदर्य अद्भुत है। भाववाचक
(छ) मोर नृत्य कर रहा है। जातिवाचक
(ज) दादा जी गरमी से परेशान हैं। भाववाचक
(झ) मोटापा सारी बीमारियों की जड़ है। भाववाचक
(ञ) इस आम में मिठास नहीं है। भाववाचक

5. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) इनमें से कौन-सा संज्ञा का भेद नहीं है?
(अ) व्यक्तिवाचक ☐ (ब) पुरुषवाचक ✓
(स) जातिवाचक ☐ (द) भाववाचक ☐

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण चुनें–
(अ) गंगा ☐ (ब) गीता ☐
(स) दोनों (अ) और (ब) ✓ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण चुनें–
(अ) महानगर ✓ (ब) महाभारत ☐
(स) महाराष्ट्र ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) भाववाचक संज्ञा का उदाहरण चुनें–
(अ) मिठास ☐ (ब) कटुता ☐
(स) बचपन ☐ (द) सभी तीनों ✓

(ङ) 'सुंदरता' कौन-सी संज्ञा है?

(अ) व्यक्तिवाचक

(ब) जातिवाचक

(स) भाववाचक

(द) इनमें से कोई नहीं